# पृष्ठभूमि 1

तुरंत जारी करने हेतु | वित्त मंत्रालय

2021FIN0023-000744

20 अप्रैल, 2021

**आर्थिक झलक: बी सी के लिए एक मज़बूत आर्थिक पुन:प्राप्ति में निवेश**

बाकी संसार की तरह, ब्रिटिश कोलंबिया की अर्थव्यवस्था ने भी कोविड-19 की महामारी के कारण एक चुनौतीपूर्ण अपूर्व वर्ष का सामना किया है, परन्तु आर्थिक पुन:प्राप्ति के मज़बूत संकेत पहले से ही मौजूद हैं।

बजट 2021 में $8.1 बिलियन का एक उद्दिनांकित पूर्व-अनुमानित घाटा शामिल है, जो 2020 के फाल इकोनॉमिक एंड फ़िसकल अपडेट के $13.6 बिलियन के अनुमान की अपेक्षा कम है। यह घाटा आशा की अपेक्षा ज़्यादा आमदनी के कारण हुआ है, जिस में मज़बूत रिहायशी और परचून बिक्री, और संयम के साथ हुए पहले से कम किए गए खर्च जैसी गतिविधियों के नतीजे के कारण हुई टैक्स आय शामिल है। बी सी के एक मज़बूत, स्थिति अनुरूप और अधिक ढल सकने वाले आर्थिक भविष्य के लिए सरकार का ध्यान लोगों, व्यवसायों और भाईचारों को सहारा देना जारी रखने पर केंद्रित है।

**आर्थिक मुख्य-अंश**

- अनुमान है कि बी सी का वास्तविक जी डी पी 2020 में 5.3% तक सिकुड़ गया था, और इस में 2021 में 4.4%, 2022 में 3.8% और 2023 में 2.2% तक विस्तार होना प्रस्तावित है।
- 2020 के मध्य तक परचून और घरों की बिक्री, दोनों महामारी-पूर्व स्तरों पर आ गए थे, जिस में ब्याज की कम दरों और वस्तुओं की ख़रीदारी प्रति उपभोक्ता के मुख्य झुकाव ने मदद की, जब कि दूसरे कारकों के साथ साथ सेवाओं में विघ्न भी पैदा हुआ।
- अप्रैल 2020 में परचून बिक्री में अब तक के रिकार्ड अनुसार सब से अधिक मासिक कमी आई; परंतु, परचून बिक्री में फिर उछाल आया और जनवरी 2021 में यह एक साल पहले की अपेक्षा 15.3% अधिक हो गई।
- महामारी के बावजूद रिहायशी बाज़ार की गतिविधि स्थिति का मुकाबला करने की शक्ति दर्शाती रही, और घरों की मासिक बिक्री 2020 के अंत में रिकार्ड स्तर पर पहुँच गई और 2021 में भी बढ़ती चली आ रही है।
- बी सी में घरों की बिक्री की औसत कीमत 2019 के मुकाबले 2020 में 11.6% तक बढ़ी है।

- महामारी के आरंभ होने के बाद, बी सी में एक अभूतपूर्व संख्या में नौकरियाँ ख़त्म हो गई। मार्च 2021 तक, बी सी में कुल रोज़गार माहामारी- पूर्व स्तर से भी ऊपर चला गया, जो प्रांतों में से रोज़गार पुन:प्राप्ति की सब से ऊँची दर है; परंतु, कुछ क्षेत्र संघर्ष कर रहे हैं और हर कोई एक ही जैसे ढंग से प्रभावित नहीं हुआ।
- बाकी के कैनेडा की तरह, महामारी के शुरू में मार्च और अप्रैल 2020 में बी सी को भी बेरोज़गारी की ऊँची दरों के अनुभव में से गुज़रना पड़ा। 2020 में बी सी की बेरोज़गारी की औसत दर 8.9% थी और मार्च 2021 के लिए बेरोज़गारी की दर 6.9% थी।
- जब महामारी का हमला हुआ, तो कैनेडा में बेरोज़गारी की दूसरी सब से कम दर के लिहाज़ से बी सी मैनीटोबा के बराबर था, और मौजूदा समय में कैनेडा में इस की बेरोज़गारी की तीसरी सब से कम दर है।

**संचालन परिणाम**

- तीसरी तिमाही रिपोर्ट के अनुसार 2020-21 में $8.1 बिलियन के संचालन घाटे का अनुमान है।
- कुल आय का अनुमान $61 बिलियन है, और कुल खर्च का अनुमान $69.1 बिलियन है।
- बजट 2021 की तीन-वर्षीय माली योजना दर्शाती है कि घाटे में कमी होती जाएगी, जिस के अनुसार 2021-22 में $9.7 बिलियन, 2022-23 में $5.5 बिलियन और 2023- 24 में $4.3 बिलियन का घाटा रहेगा।
- पूरी तीन-वर्षीय माली योजना के दौरान $8.7 बिलियन के नए बुनियादी बजट निवेशों के द्वारा महामारी के दौरान लोगों को सुरक्षित और सेहतमंद रहने में सहायता मिलेगी और एक ऐसी आर्थिक पुन:प्राप्ति के लिए अवसर उत्पन्न होंगे जिस में हर कोई शामिल होगा।
- इस माली योजना के प्रस्तावों में स्वास्थ्य और आर्थिकता के लिहाज़ से जारी अनिश्चितता को ध्यान में रख कर सार्थक विवेक का प्रयोग किया गया है, जिस में शामिल है:
    - महामारी से संबंधित स्वास्थ्य या आर्थिक पुन:प्राप्ति की ज़रूरतों के समाधान के लिए अल्प-कालिक उपक्रमों को माली मदद देना जारी रखने के लिए महामारी और आर्थिक पुन:प्राप्ति के लिए आकस्मिक व्यय के लिए राशि निर्धारित की गई है, जो 2021-22 में $3.25 बिलियन, 2022-23 में $1 बिलियन और 2023-24 में $300 मिलियन होगी।
    - अप्रत्याशित दबावों के प्रबंधन में सहायता करने के लिए साधारण प्रोग्रामों के लिए आकस्मिक व्यय के लिए निर्धारित की गई राशि 2021-22 में $1 बिलियन, 2022-23 में $800 मिलियन और 2023-24 में $700 मिलियन होगी।
    - परिवर्तनशीलता, जैसे कि आय में परिवर्तन, से सुरक्षा के लिए वार्षिक अनुमान में 2021-22 में $1 बिलियन, 2022-23 में $750 मिलियन और 2023-24 में $400 मिलियन की गुंजाइश रखी गई है।

- केसलोड दबावों और प्रथमता वाले उपक्रम जिन के लिए भविष्य के बजटों में माली मदद की ज़रूरत पड़ सकती है, के लिए 2022-23 में $1.5 बिलियन और 2023-24 में $2 बिलियन की अनुमानित राशि निर्धारित की गई है।
- बी सी की वास्तविक जी डी पी के विकास का अनुमान इकोनॉमिक फ़ोरकास्ट कौंसिल द्वारा प्रदान किए गए दृष्टिकोण की अपेक्षा कम है (2021 और 2022, दोनों में 0.5 प्रतिशतता अंक कम है, और 2023 और 2024, दोनों में 0. 2 प्रतिशतता अंक कम है)।

**कोविड-19 ख़र्च**

- माली योजना के दौरान, बजट में $8.7 बिलियन की वृद्धि और महामारी और आर्थिक पुन:प्राप्ति के लिए आकस्मिक व्यय के लिए $4.6 बिलियन  द्वारा बजट 2021 स्वास्थ्य और सुरक्षा, लोगों और व्यवसायों को सहारा देने एवं अधिक दीर्घकालिक आर्थिक पुन:प्राप्ति के लिए तैयारी करने पर केंद्रित है।
- 2021-22 के लिए महामारी और आर्थिक पुन:प्राप्ति के लिए आकस्मिक व्यय के लिए निर्धारित $3.25 बिलियन के साथ प्रोग्रामों और सेवाओं को इस तरह सहारा मिलेगा:
  - $900 मिलियन कोविड-19 के स्वास्थ्य-संबंधित प्रबंधन के लिए।
  - $1.05 बिलियन लोगों और व्यवसायों को सहारा देने के लिए।
  - $200 मिलियन आर्थिक पुन:प्राप्ति के लिए तैयारी करने के लिए।
  - $1.1 बिलियन किसी अप्रत्याशित और तत्काल स्वास्थ्य अथवा आर्थिक पुन:प्राप्ति से संबंधित उपायों में सहायता के लिए आरक्षित।
- 2020-21 में, प्रांतीय सरकार ने कोविड-19 राहत और आर्थिक पुन:प्राप्ति  से संबंधित उपायों में $10 बिलियन से अधिक का निवेश किया। इस में शामिल है:
  - $6.7 बिलियन संकटमय सेवाओं को सहारा देने के लिए, माली सहायता और आर्थिक पुन:प्राप्ति को सहारा प्रदान करने के लिए महामारी के प्रति कार्यवाही और आर्थिक पुन:प्राप्ति के लिए आकस्मिक व्यय के लिए।
  - $810 मिलियन का यातायात और नगरपालिकाओं के लिए संयुक्त-व्यय आधारित प्रांतीय और फेडरल रीस्टारट उपक्रमों में प्रांतीय योगदान।

**पूँजीगत ख़र्च**

- माली योजना के दौरान, कर-दाता द्वारा प्रदान सहायता से प्राप्त कुल प्रस्तावित पूँजीगत ख़र्च $26.4 बिलियन है। मौजूदा प्रॉजेक्टों में निवेश के द्वारा आर्थिक पुन:प्राप्ति को सहारा देने के लिए पूँजीगत योजना सही स्थिति में है, जिससे लोग तुरंत काम पर वापस जा सकें और इस में दीर्घकालिक आर्थिक पुन:प्राप्ति की नींव का निर्माण करने के लिए निवेश भी शामिल हैं।

- बजट 2021 का तीन वर्षों के दौरान प्रस्तावित ख़र्च उस तीन-वर्षीय योजना की अपेक्षा $3.5 बिलियन अधिक है, जिस की रूप-रेखा बजट 2020 में दी गई थी और इस से माली योजना की अवधि के दौरान 85,000 से अधिक नौकरियाँ उत्पन्न होने की आशा है।

**ऋण के स्तर**

- जिन ब्रिटिश कोलंबिया निवासियों को सहारे की ज़रूरत है, उन के लिए इस को सुनिश्चित करने के लिए और बी सी के लिए एक मज़बूत आर्थिक पुन:प्राप्ति के लिए आवश्यक निवेशों के वित्त-पोषण के लिए ऋण के एक बड़ी हद तक बढ़ जाने की आशा है।
- बी सी के कर-दाता द्वारा प्रदान सहायता पर आधारित प्रस्तावित ऋण की राशि 2021-22 के वित्त वर्ष के अंत पर $71.6 बिलियन, 2022-23 वित्त वर्ष के अंत पर $82.8 बिलियन और 2023-24 के वित्त वर्ष के अंत पर $92.7 बिलियन होगी।
- कर-दाता द्वारा प्रदान सहायता पर आधारित ऋण और जी डी पी का अनुपात, जो क्रेडिट रेटिंग एजेंसियों द्वारा प्रयोग किया जाने वाला मुख्य मापदंड है, पूरी माली योजना के दौरान 30% से नीचे रहने की आशा है, जो 2023-24 तक 26.9% पर पहुँच जाएगा।
- ऋण लेने में महत्वपूर्ण हद तक बढ़ोतरी होने और ऋण के पहले की अपेक्षा उच्च स्तरों के बावजूद, बी सी को प्रांत की क्रेडिट रेटिंग बढ़िया होने के कारण आंशिक तौर पर ब्याज की कम दरों से लाभ हुआ है।
- परिणामस्वरूप, प्रांत का ऋण वहन करने योग्य हद तक रहेगा, जिस से लोगों और व्यवसायों को महामारी के दौरान सहारा देने के लिए और एक मज़बूत आर्थिक पुन:प्राप्ति को उत्साहित करने के लिए सरकार अब निवेश कर सकेगी।

एक संतुलित बजट और माली स्थिरता का मार्ग सरकार की प्रथमता है, जिससे वह सेवाएं जिन पर लोग निर्भर करते हैं, को प्रदान करना जारी रखा जा सके और हर किसी के लिए एक और अधिक मज़बूत, और अधिक न्यायोचित भविष्य का निर्माण किया जा सके। हालांकि महामारी के जारी प्रभावों के फलस्वरूप पैदा हुई अस्थिरता के अप्रत्याशित स्तर के कारण संतुलन कायम होने के बारे में किसी विशेष समय-सीमा की बिल्कुल सही ढंग से भविष्यवाणी करना समय से पहले की बात होगी, परन्तु प्राथमिक मूल्यांकन से संकेत मिलता है कि सात से नौ वर्षों के भीतर संतुलित बजटों की ओर लौटा जा सकेगा। एक विशेष समय-सीमा, पहुँच और योजना बजट 2022 में पेश की जाएगी जब सरकार को आर्थिक पुन:प्राप्ति के मार्ग और गति के बारे में और अधिक निश्चितता की आशा है।

**संपर्क:**

वित्त मंत्रालय

मीडिया संपर्क

250 387-5710

---